'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Programme 3rd Semester Examination, 2021

DSC1/2-P3-HINDI

आधुनिक हिंदी कविता

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) भारतेंदु रचित 'अंधेर नगरी का गीत' का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' कविता का मूल भाव लिखिए।

(ग) 'मुक्त छंद' से क्या तात्पर्य है ?

(घ) 'गुलाबी चूड़ियां' कविता में निहित वात्सल्य भाव को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) धूमिल की काव्य भाषा की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

(च) अज्ञेय के तीन काव्य-संग्रहों के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 6×4 = 24

(क) सरस तामरस गर्भ विभा पर,
नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर,
मंगल कुंकुम सारा।।

(ख) बीस-तीस-पचास बरसों में
हम तुम्हारे नीचे एक मरू बिछा चुके होंगे,
और तुम्हारे उस नदी-धौत वाले मन्दिर में
जला करेगा
एक मरु-दीप!

(ग) अरे वर्ष के हर्ष!
बरस तू बरस-बरस रसधारा!
पा ले चल तू मुझको,
बहा, दिखा मुझको भी निज
गर्जन-भैरव-संसार!

(घ) छलक रहा था दूधिया वात्सल्य बड़ी-बड़ी आँखों में
तरलता हावी थी सीधे-साधे प्रश्न पर
और अब वे निगाहें फिर से हो गई सड़क की ओर
और मैंने झुककर कहा-
हाँ भाई, मैं भी पिता हूँ

(ङ) एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है

(च) लोभ पाप को मूल है, लोभ मिटावत मान।
लोभ कभी नहिं कीजिए, या मैं नरक निदान।।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) जयशंकर प्रसाद की राष्ट्रीय चेतना पर विचार कीजिए।

(ख) नागार्जुन की जनचेतना पर प्रकाश डालिए।

(ग) रघुवीर सहाय की काव्यभाषा की विशेषताएँ लिखिए।

(घ) धूमिल की प्रगतिशीलता पर सोदाहरण विचार कीजिए।

——×——